हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

14 गिरोला मंदिर से लाखों के जेवरात पार



13 संतोषपुर की सड़क सुधारने जिला पंचायत सदस्य नीना की कलेक्टर से गुहार





# बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट: बस्तर में खुलेगा उद्योग और रोज़गार का नया द्वार 11 को

**देश-विदेश से 200 से अधिक प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और स्थानीय उद्यमी शामिल होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्षेत्रीय विकास को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्य एवं उद्योग विभाग आगामी 11 सितंबर को बस्तर में इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रमुख निवेश संवर्धन पहल इससे पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टोक्यो, ओसाका और सियोल में सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। इन आयोजनों के माध्यम से नवंबर 2024 से अब तक 6.65 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार अब छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट के माध्यम से निवेश संभावनाओं को बस्तर तक ले जा रही है, जो प्रदेश के सबसे गतिशील और संभावनाशील क्षेत्रों में से एक है। बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024–30 के अंतर्गत संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार का मानना है कि बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और स्थानीय उद्यमी शामिल होंगे।

**परियोजनाओं पर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी देंगे :** छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024–30 के अंतर्गत 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली अथवा 1000 से अधिक रोजगार सृजित करने वाली परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इस नीति में औषधि निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, आईटी एवं डिजिटल तकनीक, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस व डिफेंस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है।

### समावेशन को बढ़ावा देने विशेष प्रावधान

समावेशन को बढ़ावा देने के लिए इस नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत एससी/एसटी उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी, वहीं नक्सलवाद से प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। यह सरकार की सामाजिक पुनर्वास और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक अभिनव पहल के रूप में, नई औद्योगिक इकाइयों में आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने पर पाँच वर्षों तक उनके वेतन पर 40 प्रतिशत सब्सिडी अधिकतम 5 लाख प्रतिवर्ष उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, बस्तर में स्टील सेक्टर की इकाइयों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी रीइम्बर्समेंट की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा और औद्योगिक विकास को स्थिरता प्राप्त होगी।



### बस्तर के युवाओं को कौशल और अवसर देने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बस्तर के युवाओं को वह कौशल और अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके वे अधिकारी हैं और जिनसे वे छत्तीसगढ़ की विकास गाथा के सक्रिय सहभागी बन सकेंगे। औद्योगिक नीति की प्रत्येक पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और समृद्धि को घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से सोच-समझकर तैयार की गई है। बस्तर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन बस्तर के समग्र विकास को साकार करने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यह बस्तर को सतत और समावेशी विकास का प्रतीक बनाएगा, जिसकी जड़ें क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना में गहराई से जुड़ी हैं। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि अवसरों और लाभों का प्रवाह सीधे स्थानीय जनता तक पहुँचे।

## खबर संक्षेप

### 100 साल पूरा होने पर विधायक पहुंचे जगतु महारा हायर सेकंडरी स्कूल



**जगदलपुर।** जगतू माहरा बहू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव पहुंचे। इस बैठक में शाला के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम किया जाना तय किया गया। देव ने विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अपने सहमति प्रदान की और कार्यक्रम में हर किसी के सहभागिता का निर्देश दिया। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अखिलेश शुक्ला एवं रितेश सोनी, प्राचार्य रामकुमार एवं स्टाफ सम्मिलित हुए।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए मुस्लिम समाज ने की मदद



**जगदलपुर।** आज मुस्लिम समाज द्वारा गुरुद्वारा शांति नगर में आकर पंजाब के बाढ़ पीड़तों की सहायता के लिए 91786 रुपए की नगद राशि भेंट की गई। इस सहयोग के लिए गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी ने मुस्लिम समाज के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते बाढ़ पीड़तिों तक सहयोग राशि पहुंचाने की बात कही।

### बाढ़ पीड़ितों के बीच स्वयंसेवकों का समर्पण ग्रामीणों का बना सहारा



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बस्तर के स्वयंसेवक लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों में सेवा कार्य कर रहे हैं। रविवार को स्वयंसेवक ग्राम चित्रकोट पहुंचे,जहां उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकान की सफाई कर उसे राशन सामग्री रखने योग्य बनाया। इससे ग्रामीणों को जल्द ही नियमित राशन सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। वहीं ग्राम मांदर में स्वयंसेवकों ने राम प्रसाद पटेल,पुरानचंद,रूपक धर पटेल,सुबे राम पटेल,जय सुंदर पटेल और कुमारी पटेल के घरों का मलबा,लकड़ी व खपरा हटाकर उन्हें रहने योग्य स्थान उपलब्ध कराया। जिनके घर बाढ़ से पूरी तरह ढह गए थे, उनके लिए तिरपाल लगाकर अस्थायी आवास की व्यवस्था भी की गई। ग्रामीणों ने संघ के इस सहयोग को संकट की घड़ी में संबल बताते हुए कहा कि स्वयंसेवकों ने उनके जीवन में उम्मीद और हौसला भर दिया है। उन्होंने कहा कि जब हम निराश हो चुके थे, तब संघ के स्वयंसेवक हमारी ढाल बनकर आए।

## कार्यालय से नेटवर्क सुधारने का मिलता है केवल आश्वासन

# कावापाल में बीएसएनएल टावर बेकार फोन लगाने पहाड़ पर चढ़ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बस्तर

ग्राम पंचायत कावापाल, जनपद पंचायत जगदलपुर के ग्रामीण संचार सुविधा के लिए परेशान हैं। गांव में 2024 में बीएसएनएल का टावर लगाया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब उन्हें बेहतर नेटवर्क मिलेगा और उनकी समस्याएं कम होंगी। लेकिन आज हालात यह हैं कि फोन करने के लिए उन्हें अब भी पहाड़ पर चढ़ना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग पांच महीने पहले बीएसएनएल का नेटवर्क कुछ दिनों के लिए चालू किया गया था। मात्र दस दिन बाद ही यह बंद हो गया। दो महीने तक इंतजार करने के बाद जब गांव वाले बीएसएनएल कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई तो अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हुआ। कुछ समय बाद जब ग्रामीण दुबारा बीएसएनएल कार्यालय पहुंचे और एजीएम से मिले तो उन्हें फिर वही जवाब मिला कल या परसों तक नेटवर्क चालू हो जाएगा। वाकई दो दिन बाद नेटवर्क चालू तो हुआ लेकिन सिर्फ दो दिन ही चला। उसके बाद से आज तक नेटवर्क पूरी तरह से बंद पड़ा है। नेटवर्क ठप होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा की कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

- नेटवर्क मिलना दस दिन में ही बंद हो गया



### सांसद के आश्वासन का असर नहीं

गांव वालों ने अपनी समस्या सांसद तक भी पहुंचाई। सांसद ने नेटवर्क बहाल कराने का आश्वासन तो दिया लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है । ग्रामवासियों ने कहा कि जब टावर लगा था तब उम्मीद थी कि अब मोबाइल नेटवर्क की समस्या समाप्त होगी। लेकिन महीनों से नेटवर्क ठप रहने से उनका भरोसा सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों पर से उठने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि काम के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### आपातकालीन सेवा के लिए नहीं लगता फोन

आपातकालीन सेवा बाधित 108 एंबुलेंस और 112 पुलिस सेवा को कॉल करने के लिए ग्रामीणों को पहाड़ पर चढ़ना पड़ता है। ऑनलाइन क्लास और मीटिंग से विद्यार्थी और कर्मचारी नहीं जुड़ पा रहे। सरकारी सेवाऐ बंद, गांव में सीएससी केंद्र नहीं चल पा रहा और किसी भी ऑनलाइन कार्रवाई में कठिनाई होती है। साधारण संचार मुश्किल आपसी बातचीत या किसी रिश्तेदार को फोन करने के लिए भी लोगों को खुले स्थान या पहाड़ी का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला। अधिकारी हर बार कहते हैं कि समस्या जल्दी ठीक कर दी जाएगी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया ।

# मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान मेला समिति भेंट करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मेला की प्रारंभिक तैयारियों से लेकर अन्य विषय पर कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक लालबाग कार्यालय में हुई।

जिला प्रशासन द्वारा बस्तर लोकोत्सव के कारण आयोजन स्थल की योजना में हो रहे परिवर्तन पर जानकारी और सुझाव। समितियों को अंतिम स्वरुप देने सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री का 11 सितबंर को प्रस्तावित जगदलपुर दौरा के दौरान उनसे मुलाकात करने के बारे में चर्चा की गई । कोर कमेटी के सदस्यों को अलग अलग जवाबदारी सौंपकर कार्यों का शीघ्र निष्पादन करना रहा। स्टालों के विपणन के लिए योजनाबद्ध कार्य के आगामी चरण पर विचार किया गया। जिसमे बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों व सदस्यों की प्रमुख भूमिका रहेगी जिसे शीघ्र क्रियाशील किया जाए। स्वागत समिति अध्यक्ष श्याम सोमानी बात की जाऐगी। प्रचार प्रसार की योजना अनाउंसमेंट, होर्डिंग्स, पम्पलेट विषयक चर्चा की गई।

- स्वदेशी मेला कोर कमेटी की बैठक में कार्यक्रम पर चर्चा

### ये रहे उपस्थित

इस बैठक मे अध्यक्ष श्याम सोमानी, मेला संयोजक किशोर पारख , सह संयोजक देवेंद्र देवांगन, महिला सह प्रमुख कल्पना शर्मा, पंडाल और विद्युत व्यवस्था अनिल लुंकड, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ राम राकेश जांगिड़, सीबीएमडी से जी आर जगत ,जयेश पांचाल ,भावेश सेन , विनायक बेहरा उपस्थित थे ।

# बेल, बेहड़ा सबला एलोवेरा अनुसा नागबेल, नील, चन्दन के पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामपंचायत गरावण्ड खुर्द में देवगुड़ी परिसर में वनोषधि पौधरोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग ने कहा, प्राचीन काल में हर देवगुड़ी से परम्परागत वैद्य से बस्तर में पाये जाने वाली वनौषधि से गम्भीर बीमारी का इलाज होता था। आज भी ग्रमीण क्षेत्र में पराम्परागत वैद्य द्वारा इलाज किया जा रहा है। इस प्रथा को पुनर्जीवित करने के लिये गरावण्ड खुर्द में देवगुड़ी में वनोषधि रोपण किया।

उपसंरपच मोहन सेठिया ने साल के पौध रोपकर उसकी उपयोगिता पर कहा कि बस्तर में हरियाली साल के पौधे से और देवगुड़ी में वनौषधि रोपण से आएगी। पूर्व सरपंच सिंदूरी का पौधा रोपण कर प्रधानमंत्री मोदी के ऑपरेशन सिन्दुर की सफलता के विषय मे ग्रामीणों को विस्तार से बताया। तेजस्वी महिला स्व सहायता समूह ने पौधों की सुरक्षा की जिमेदारी ली। टेम्पल कमेटी के उपाध्यक्ष विजय भारत ने साल पौधरोपण के उपयोगिता पर कहा क इसके इन पौधों रोपण से जब वृक्ष का रूप लेगा तो अंचल में नियमित वर्षा होगी। वनौषधि पौधों में बेल, बेहड़ा सबला एलोवेरा अनुसा नागबेल, नील,चन्दन का रोपण किया।



### सईदा, देवश्री गोयल राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**जगदलपुर।** शासकीय हाईस्कूल कुड़कानार की व्याख्याता सईदा खान तथा देवश्री गोयल का सम्मान शिक्षक दिवस पर राज्यपाल ने किया। इन दोनों शिक्षिकाओं का चयन उत्कृष्ठ अध्यापन कार्य करने पर हुआ है। बस्तर जिले की इन दोनों शिक्षिकाओं को राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त होने पर सहकर्मियों समेत बस्तर के अध्यापकों ने सराहना की है।

# रेशम कीट और रोग प्रबंधन पर दी गई ग्रामीणों को उपयोगी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




केंद्रीय रेशम बोर्ड के मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के तहत 8 सितंबर को बस्तर जिले के बिलोरी और परुगुड़ा में तसर रेशमकीट एवं रोग प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया । इस दौरान रेशम उत्पादन में सरकारी योजनाओं से होने वाले लाभ बताकर अभिसरण अवसरों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिसमें 52 और 46 किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. विशाल मित्तल, वैज्ञानिक केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची, कुमार बघेल सरपंच, फूलमारी नाग उप-सरपंच, बिलोरी, हेमकांत पानीग्रही उप-सरपंच, परुगुड़ा, सुनील कुमार पारीछा, एसटीए एवं प्रभारी, सी ए स बी - आ र ए स आ र ए स - जगदलपुर और सीएसबी एवं डीओएस-सीजी के अन्य कर्मचारियों ने भाग लेकर किसानों से बातचीत की। बिलोरी के कार्यक्रम में तसर, रेशमकीट एवं रोगों की पहचान एवं प्रबंधन, विसंक्रमण पद्धतियों एवं ब्लीचिंग पाउडर एवं चूने के उपयोग, जीवन सुधा एवं एलएसएम तकनीकों, नायलॉन जालों के उपयोग पर चर्चा की गई।

- बिलोरी और परुगुड़ा में हुआ कार्यक्रम

**रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के तरीके बताए :** परुगुड़ा में किसानों को रेशम समग्र-2 और समर्थ योजना के बारे में जानकारी दी गई। वहीं रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उनके उद्देश्यों, लाभों और कार्यान्वयन रणनीतियों के बारे में बताया गया। बस्तर के रेशम उत्पादन, किसानों की आजीविका सुरक्षा बढ़ाने के लिए सरकारी कार्यक्रमों के साथ अभिसरण के अवसरों की खोज पर भी विशेष जोर दिया गया।

## राष्ट्रसेवा व जनसेवा भाजपा का ध्येय वाक्य : देव

# भाजपा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से आरंभ होकर गांधी जयंती में सेवा पखवाड़ा का समापन होगा। जिसमें कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच कर स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, जनस्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण, संगोष्ठी आदि सेवा कार्य में जुटेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर आज जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा व जन सेवा पार्टी का ध्येय वाक्य है। राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन इसी उद्देश्य के साथ किया जा रहा है।

- तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला




उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के विविध कार्यक्रमों को कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच कर समर्पण भाव से पूरा करें। सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, रक्तदान शिविर, जन स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर डाकूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग व अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, लोकल फॉर वोकल का प्रचार, खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत पर चित्रकला प्रतियोगिता आदि सेवा कार्यक्रम होंगे। 25 सितम्बर को पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती सभी बूथों में मनायी जायेगी। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला प्रभारी सतीश लाटिया ने कार्यक्रमों को विस्तार से रखा। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यकतार्ओं से सेवा पखवाड़ा में कर्मठता से कार्य करने अपेक्षा की।

संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक डा सुभाऊ कश्यप, लच्छू राम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, रूपसिंह मण्डावी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, बलदेव मण्डावी,संतोष बघेल, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, पुरूषोत्तम जोशी, तरूण पाण्डेय, प्रवीण सांखला, पीताम्बर कश्यप, सुखदेव मण्डावी, महेन्द्र सेठिया, मंगतु कश्यप, सुनील कुहरामी, हरिराम मण्डावी, देवीप्रसाद बेंजाम, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, अतुल कौशल, शशिनाथ पाठक, दिगम्बर राव, रंजीत पाण्डेय, विक्रम सिंह यादव, निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, श्वेता बघेल, सुधा मिश्रा, नरेंद्र पाणिग्रही,प्रदीप देवांगन, राजेश श्रीवास्तव सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्राओं को किताब पढ़ने के लिए अभिरुचि उत्पन्न करने प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आज पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक व शिक्षकों ने हिस्सा लिया । छात्राओं तथा ग्रंथालय स्टाफ द्वारा 7 स्टाल लगाए गए थे। जिसमें प्रतियोगी पुस्तक, धार्मिक ग्रंथ, सामान्य संदर्भ ग्रंथ ,अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य, महापुरुषों की जीवन एवं विचार तथा पत्र पत्रिका के स्टाल लगाए गए थे। छात्रों ने बताया कि इस प्रदर्शनी द्वारा उन्हें विभिन्न दुर्लभ पुस्तकों के बारे में जानकारी मिली तथा उन्हें पढ़कर ज्ञान प्राप्ति का अवसर प्राप्त हुआ । प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने कार्यक्रम आयोजित करने पर छात्राओं तथा ग्रंथालय स्टाफ की सराहना की तथा बताया कि छात्राओं को किताब पढ़ने के लिए अभिरुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला दो दिवसीय ऑनलाइन पंजीयन शिविर आज से

**कोण्डागांव।** राज्य में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से 09 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में उत्तीर्ण, दसवीं, बारहवीं, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं डिग्री धारक विद्यार्थी, रोजगार कार्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। शासकीय आई.टी.आई. फरसगांव में 9 सितम्बर से 11 सितम्बर तक शिविर का आयोजन होगा। जिसमें आई. टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी जिनका पंजीयन जैसे रोजगार पंजीयन, राज्य स्तरीय रोजगार मेला, अप्रेंटिसशीप, कैरियर पोर्टल आदि में नहीं हुआ है। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, पासपोर्ट साईज फोटो एवं मोबाईल लेकर उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। बस्तर संभाग के सभी आईटीआई में पंजीयन किया जा रहा है।

## खड़े ट्रक के पीछे घुसी बाइक, दो युवक घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 मस्सुकोकोडा के यात्री प्रतीक्षालय के पास रविवार की सुबह करीब 9:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बाइक रोड किनारे खड़ी ट्रक के पीछे घुस गई। बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार केशकाल क्षेत्र में ग्राम भर्रीपारा निवासी अनिल मरकाम पिता कंगाल सिंह मरकाम और प्रकाश मरकाम पिता मडडुराम मरकाम दोनों बाइक में सवार होकर फरसगांव की ओर आ रहे थे। मस्सुकोकोडा के यात्री प्रतीक्षालय के पास रोड किनारे ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 9720 के पीछे घुस गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे फरसगांव अस्पताल के एंबुलेस से उपचार के लिए लाया गया।। दोनों की स्थिति गंभीर होने पर बेहतर उपचार हेतु 108 एंबुलेस वाहन से जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

## ग्रामीण ने फांसी लगा की खुदकुशी कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोदागांव निवासी 40 वर्षीय रामदयाल हुर्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या क्यों किया यह पता नही चल पाया है। कोदागांव निवासी 65 वर्षीरू घनश्याम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने खेत की ओर 6 सितंबर को सुबह 11 बजें से दोपहर 1 बजें बीच खेत लाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या किस वजह से किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# बड़ेडोंगर में दंतेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति की हुई बैठक



**फरसगांव।** ब्लॉक की देव नगरी ग्राम बड़ेडोंगर में मां दन्तेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें नये कार्यकारिणी व पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष गुलबीर चनाप, उपाध्यक्ष पण्डीराम सलाम, सचिव कोमल कुदराम , सहसचिव यशवंत राना, कोषाध्यक्ष यदुदास मानिकपुरी व प्रत्येक वार्ड से दो दो सदस्य चुना गया। जिसमें बेलभाटा से डमरू प्रधान और आंदुराम कोर्राम, शहरपारा से केनेन्द्र माली और सोनिया नेताम, नरसु पट्टावी, दुलम नाग, पाण्डेपारा से शिव शांडिल्य और महेन्द्र बघेल, पत्थरागुड़ा से महावीर गागड़ा और रामप्रसाद पाण्डे, कालोनी से तुलसी कौडो और दुखु कोर्राम, अंधियारीकोट से कमलेश पाण्डे और जगदीश मांझी, लाटापारा से सांवत नेताम और पिसाड़ु बघेल, आवासप्लाट से धर्मेंद्र साहू औरगोपाल दास, बेड़ागांव से सुकदास मानिकपुरी और शंभू दुग्गा, भैंसाबेड़ा से लखन मण्डावी और केशव भण्डारी शामिल है। सभी नये पदाधिकारियों को समस्त ग्रामवासी द्वारा शुभकामनाएं देते हुए ग्राम बड़ेडोंगर के सभी धार्मिक स्थलों पर अपनी सहभागिता देने हेतु सुझाव दिया गया।तथा इस बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र पर्व हेतु विशेष चर्चा किया गया। जिसमें इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर को कलश स्थापना होगी। इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाने पर चर्चा किया गया व ग्राम बड़ेडोंगर के सभी धार्मिक स्थलों को साफ सफाई व सजावट करने हेतु सभी पारा मोहल्ला को अलग-अलग स्थानों पर जिम्मेदारी दी गई है।

### निराश्रित, घुमंतू और कृषक पशुओं को रखा जाएगा

# गौवंश संरक्षण के लिए बनी गौधाम योजना

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार ने निराश्रित, घुमंतू और कृषक पशुओं के संरक्षण के लिए गौधाम योजना शुरू की है। इस योजना के तहत इच्छुक संस्थाओं से आवेदन माँगे गए हैं।

उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला कोंडागांव ने बताया कि इस योजना में ऐसी सरकारी जमीन पर गौधाम स्थापित किए जाएँगे, जहाँ जानवरों के लिए सुरक्षित बाड़ा, शेड, पर्याप्त पानी, बिजली और चारागाह जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हों। योजना के पहले चरण में, प्रमुख राष्ट्रीय राजमागोंर् के पास ग्रामीण क्षेत्रें में गौधाम बनाए जाएँगे। इन्हें चलाने के लिए पंजीकृत गौशाला समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाएं एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियाँ और सहकारी समितियाँ पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की जाँच के बाद, जिला प्रशासन इसे राज्य गौसेवा आयोग को अनुमोदन के लिए भेजेगा। गौसेवा और पशु नस्ल सुधार के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने अपील की है कि इच्छुक संस्थाएं आगे आकर आवेदन करें, ताकि इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके और निराश्रित गौवंश का प्रभावी ढंग से संरक्षण हो सके।

### आयोजन: आदर्श विद्यालय में 'मेरा लक्ष्य मेरा अभियान' कार्यक्रम

# बस्तर क्षेत्र की प्रतिभाएं अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बना रहीं पहचान: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव





नगर में स्थित आदर्श विद्यालय में सोमवार को वन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय 'मेरा लक्ष्य मेरा अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में कुल 4,000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें कालेज के प्रथम वर्ष के लगभग 1 हजार और कक्षा 11वीं के करीब 3 हजार छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बस्तर भूमि से जुड़े प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, डीआईजी कमललोचन कश्यप सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

- कालेज और स्कूलों के 4,000 विद्यार्थियों ने लिया भाग
- बस्तर भूमि से जुड़े प्रेरणादायक व्यक्तित्वों भी हुए शामिल

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र की प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, गृह मंत्री अमित शाह के अदम्य साहस और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। इससे न केवल विकास कार्यों की गति तेज होगी बल्कि बस्तर क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में हम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत महोत्सव मना रहे हैं। इस अवसर पर हम देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हैं और उनके योगदान के लिए आभार प्रकट करते हैं। वन मंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे हर परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें, जीवन में एक लक्ष्य तय कर उस पर एकाग्र होकर मेहनत करें और लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी रुचि के अनुसार कैरियर का चयन करना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### युवाओं के आकांक्षाओं और सपनों को दिशा देना है: टेकाम

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज बस्तर की कई प्रमुख हस्तियां और प्रतिभाएं एक ही मंच पर उपस्थित हुई हैं, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। शिक्षा जगत का यह आयोजन विशेष है, जिसका उद्देश्य कक्षा 11वीं और महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर उनकी आकांक्षाओं और सपनों को दिशा देना है, ताकि वे अतिथियों की जीवन यात्रा से प्रेरणा लेकर अपने भविष्य का मार्ग चुन सकें।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित कष्टकला के पारंगत अजय मंडावी, बस्तर की बेटी, लैंड एडवेंचर अवॉर्ड से सम्मानित, पर्वतारोहिणी नैना सिंह धाकड़, कोण्डागांव जिले के प्रख्यात कृषक डॉ. राजाराम त्रिपाठी, सोशल मीडिया के क्षेत्र में प्रसिद्ध लोग सहित बस्तर क्षेत्र के कई प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, नगर पंचायत फरसगांव और केशकाल के अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतरराज्यीय चोर, कार और जेवरात बरामद





**कोण्डागांव।** पुलिस ने सोना–चांदी की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर मासूम शेख 33 वर्ष, निवासी बंगलागुडा, बोरीगुमा, कोरापुट ओडिशा को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पहले भी कई चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पूछताछ में उसने चोरी के दौरान वॉकी–टॉकी का इस्तेमाल करने की बात कबूल की।

- सोना–चांदी सहित 4.60 लाख की संपत्ति बरामद
- कई जिलों में की चोरी की वारदातें, जेल भी जा चुका है आरोपी

पुलिस के अनुसार मामला 5 जून 2023 का है, जब कोण्डागांव निवासी संतोषी गोटी ने अपने घर में हुई चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई। वह अपने बच्चों के साथ छिंदवाड़ा गई थीं और लौटने पर पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है। आलमारी से सोने–चांदी के जेवर और 5,000 रुपये नकद चोरी हो गए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस पूछताछ में मासूम शेख ने कबूल किया कि उसने 3 जून 2023 की रात अपने साथी बाबू शेख के साथ लोहारपारा, कोण्डागांव के एक घर से चोरी की थी। साथ ही उसने आलबेड़ा पारा, रोजगारी पारा, सरगीपाल पारा और लंजोड़ा गांव में भी अपने साथियों सदाम मंडल और तोता शेख के साथ कई चोरियां करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी मासूम शेख को विधिवत गिरफ्तार कर 8 सितम्बर को न्यायालय में पेश किया। आरोपी ने चोरी का सामान बेचकर कार और बाइक खरीदने की बात भी कबूल की है। उसका एक साथी बाबू शेख वर्तमान में जेल में निरुद्ध है, जबकि सदाम मंडल और तोता शेख की तलाश की जा रही है।

### सोना, चांदी, कार, बाइक और वॉकी–टॉकी बरामद

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने भारी मात्र में चोरी का माल बरामद किया। जब्त सामान में सोने के जेवर बाली व झुमका 12.310 ग्राम, कीमत लगभग 1.23 लाख रुपये 384 नग चांदी के जेवर, वजन 1.188 किलो, कीमत 1.49 लाख रुपये टाटा इंडिगो कार कीमत 1 लाख रुपये हीरो ग्लैमर बाइक कीमत 80 हजार रुपये वॉकी–टॉकी, मोबाइल फोन और ड्रिल मशीन सहित अन्य सामान कुल जुमला कीमत लगभग 4,60,600 रुपये आंकी गई।

# कोंडागांव में कलेक्टर ने छात्रावासों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने रविवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विशिष्ट प्री–मैट्रिक कन्या छात्रावास, प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास, पोस्ट–मैट्रिक ओबीसी बालक छात्रावास और पोस्ट–मैट्रिक कन्या छात्रावास का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने अधिकारियों को कंप्यूटर कक्ष, स्टडी रूम और डाइनिंग रूम में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से बात करके उनके कंप्यूटर ज्ञान की जाँच की और उनके करियर के लिए मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फिजिक्स वाला के माध्यम से नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इसके अलावा, छात्रावासों में सीटों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव राज्य कार्यालय को भेजने के लिए भी कहा गया। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवास में किचन की रोशनी ठीक करने और कंप्यूटर लैब को सुरक्षित बनाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त रुपेंद्र तिवारी को सभी छात्रवासों को चरणबद्ध तरीके से अपग्रेड करने का निर्देश दिया।

## गोंडवाना भवन हरवेल में उपखंड स्तरीय गायता ठाकुर जोहारनी को लेकर बैठक

**कोण्डागांव।** जिले के केशकाल अनुविभाग के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित गोंडवाना समाज समन्वय समिति उपखंड हरवेल में रविवार 7 सितम्बर को अध्यक्ष मेशोराम मरकाम की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय गायता ठाकुर जोहारनी को लेकर बैठक में चर्चा किया गया जिसमें निम्न बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया गया।

जिसमें उपखंड स्तरीय गायता ठाकुर जोहारनी ग्राम पंचायत बांसकोट में प्रस्ताव पारित किया गया है चुल्हा चंदा 50 तय किया गया है उसमें से 30 समिति को जमा करना है और 20 वाहन किराया आने जाने में रखा गया है और इस बार हर्षोल्लास पूर्वक मनाने का आयोजन किया गया है।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में उपस्थित पदाधिकारी उपखंड अध्यक्ष मेशोराम मरकाम, उपाध्यक्ष सोबराय मरकाम, उपखंड सचिव व ग्राम पंचायत हरवेल सरपंच महेश नेताम, उपसरपंच प्रतिनिधि घड़वा राम मंडावी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश मरकाम, पीड़ापाल सरपंच प्रतिनिधि मन्नुराम शोरी, सरपंच बालेंगा सुकमन मरकाम, फुलसिंग नेताम, ईश्वर नाग, समरथ मरकाम, लच्छु मंडावी, नेहरू मंडावी, सुरेपाल मंडावी हेमलाल मंडावी, युवा प्रभाग से अमरलाल मंडावी, बलराम मंडावी, अनित मरकाम, पप्पू मरकाम, संतोष मंडावी, सहित अन्य ग्रामीण आदिवासी युवा संगठन के सदस्य युवा प्रभाग के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# कार से 14.3 किलो गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पुलिस को 7 सितम्बर को सूचना मिली कि ग्राम दूधगांव के पास एनएच–30 पर एक सफेद बेलेनो कार क्रमांक सीजी 05 एटी 3674 दुर्घटनाग्रस्त हालत में खड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल भेजा और वाहन की तलाशी ली। जांच में कार की डिक्की से दो पैकेट सेलो टेप से लिपटा 14.300 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की कीमत करीब 1,40,000 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा परिवहन में प्रयुक्त बेलेनो कार कीमत 6 लाख रुपये और एक मोबाइल फोन कीमत 3,000 रुपये भी जब्त किए गए। कुल जप्त संपत्ति का मूल्य लगभग 7,43,000 रुपये है।

पुलिस पूछताछ में चालक ने अपना नाम अनुराग सोनी 28 वर्ष, निवासी रामबाग, धमतरी बताया। गांजा मलकानगिरी, ओडिशा से धमतरी ले जाया जा रहा था। विवेचना के दौरान वाहन मालिक लोकेश गोयल 33 वर्ष, निवासी सदर दक्षिण मार्ग, धमतरी की संलिप्तता भी पाई गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों अनुराग सोनी, पिता राजकुमार सोनी, निवासी धमतरी। लोकेश गोयल, पिता स्व. जसराज गोयल, निवासी धमतरी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज किया और न्यायालय कोण्डागांव में पेश किया।

**पुलिस टीम का रहा सराहनीय योगदान** – कार्रवाई में थाना प्रभारी कोण्डागांव निरीक्षक टामेश्वर चौहान, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, सहायक उपनिरीक्षक चिन्ता राम ध्रुव, सुकेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र देहारी, अजय बघेल एवं आरक्षक रामेश्वर भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हत्या कर वारदात को छुपाने नदी में फेंका शव, आरोपी गए जेल

# पुरानी रंजिश पर सगे चाचा की हत्या, दो गिरफ्तार



**धनोरा।** पुरानी रंजिश के कारण चाचा की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद आरोपियों ने लाश को फेंक दिया था।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी मस्सूराम मण्डावी पिता लच्छेन मण्डावी उम्र 32 वर्ष जाति गोंड निवासी डुण्डाबेडमा ने 5 सितंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 सितंबर को सुबह करीबन 9 बजे उसके पिता लच्छेन मण्डावी उनके परिवार ग्राम पुसापारा बिन्झे में देवी काम करने मलसाय मण्डावी के घर गए थे। देवी काम होने के बाद घर वापस नही आए, जिस पर थाना ईरागांव में गुम इंसान दर्ज कर मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थी। 6 सितंबर को खोजने के दौरान पुसापारा बिन्झे में बारदा नदी के पानी में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर प्रार्थी मस्सूराम, राकेश एवं सगनू राम के द्वारा पानी में डूबे शव को निकाल कर अपने पिता लच्छेन राम मंडावी का शव होना पहचान किया। लच्छेन राम के सिर के बायीं ओर, गले के सामने, गर्दन के पीछे गहरा चोट का निशान होने से चोट के कारण मृतक की मृत्यु होना बताया। मृतक व उसके बडे भाई लखमू राम मंडावी निवासी बिन्झे पुसापारा के बीच जमीन विवाद को लेकर लम्बे समय से लडाई-झगड़ा होना बताया। पुराने विवाद को लेकर लखमू राम के लडका रामचरण मंडावी और सरवन मडावी के द्वारा मृतक लच्छेन राम मंडावी को धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का संदेह होना बताया। साथ ही घटना को छुपाने के लिए मृतक के शव को बारदा नदी में फेंके होंगे। लच्छेन राम मण्डावी के सम्पूर्ण शव पंचनामा कार्यवाही, प्रार्थी मस्सूराम मंडावी गवाह राकेश मंडावी, सगनू राम मंडावी के कथन एवं डॉ. द्वारा दिये गये शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर थाना ईरागांव में 08/2025 धारा 103 (1), 238, 3(5) बीएनएस कायम कर जांच विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं पंचानों के कथनानुसार संदेही राम चरण मंडावी एवं सरवन मंडावी से कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना कारित करना कबूलने व बताना कि पुराने जमीन विवाद को लेकर हम दोनों भाई द्वारा अपने चाचा की हत्या करने की योजना बनाई।2 सितंबर को जैसे ही अकेले में मिला तो टंगिया से सर व गले में कई बार वार किये जिससे घटना स्थल पर ही चाचा का मौत हो गई।किसी को पता न चले इसलिये शव का दूर लेजाकर नदी में फेंक दिये। तब मौके पर मेमोरण्डम कथन तैयार कर घटना में प्रयुक्त टंगिया को गवाहों के समक्ष जप्ती किया गया है। आरोपी रामचरण मण्डावी पिता लखमुराम मण्डावी उम्र 23 वर्ष जाति गोंड़ निवासी बिन्झे पुसापारा थाना ईरागांव जिला कोण्डागांव , सरवन कुमार मण्डावी पिता लखमुराम मण्डावी उम्र 24 वर्ष जाति गोंड निवासी बिन्झे पुसापारा थाना ईरागांव जिला कोण्डागांवके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आज गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल के समक्ष पेश किया गया। उसके बाद न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी ईरागांव निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल, सउनि विनोद चंदेल, प्र०आर० 259 घांसूराम मरकाम, आर० 736 रमेश, 724 मंजिल पोयाम, 475 ईश्वर मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

# फरसगांव में उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण, एक को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विकासखंड के बड़ेडोंगर क्षेत्र में मिली शिकायतों के बाद, आज कृषि और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम ने एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के नेतृत्व में उर्वरक खाद की दुकानों और गोदामों का अचानक निरीक्षण किया।

- कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम पहुंची

निरीक्षण के दौरान, टीम ने कृति एंटरप्राइजेस और रिद्धि श्री एंटरप्राइजेस की जाँच की। जाँच में पाया गया कि कृति एंटरप्राइजेस में मूल्य सूची नहीं लगी थी और स्टॉक रजिस्टर का भी ठीक से रखरखाव नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा, उनकी पीओएस मशीन भी खराब मिली। इस पर दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

गोदामों में उर्वरकों को व्यवस्थित रखने और साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जांच में दोनों ही दुकानों पर यूरिया उपलब्ध नहीं पाया गया। हालांकि, गोदामों में 20–20–0, 14–28–0, डीएपी, एसएसपी और एमओपी जैसे अन्य उर्वरक मौजूद थे। इस कार्रवाई में एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार और कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक अधिवेशन का किया आयोजन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिंजाम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत धरती माता कलस्टर संगठन में वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दस पंचायत के 12 ग्राम के 208 समूह दीदियां उपस्थित रही। इस दौरान भाजपा गीदम मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, जनपद सदस्य पवन कर्मा, जनपद सीईओ बलराम ध्रुव, जनपद सदस्य अनिता नेताम, पंचायत सरपंच महादेव नेताम, डीपीएम उमेश पाल, नीतेश देवांगन, बीपीएम वैभव शेष, टीआरआई से सौरभ दत्ता, पीआरपी, सीएलएफ समन्वयक , प्रेरक, केडर और सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। जिसमें पिछले 6 माह के आय और व्यय की जानकारी सभी समूह दीदी को दिया गया। साथ ही जनपद सदस्य पवन कर्मा द्वारा समूह को सक्रिय करने और सभी समूह दीदियों को आजीविका से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को कैसे सुधारे इसकी जानकारी विस्तार से दिया गया।

### स्वास्थ्य विभाग की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**सुकमा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने जानकारी दी कि जिला खनिज न्यास निधि डीएमएफ से लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट ग्रेड 2, रेडियोग्राफर तथा वाहन चालक के पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अंतर्गत 6 सितंबर को दस्तावेज सत्यापन एवं लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों के चलते 8 सितंबर को उक्त भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। धिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। किसी भी अभ्यर्थी के साथ के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

### लोगों को नशामुक्त समाज निर्माण की दिलाई शपथ



**बीजापुर।** रजत जयंती समारोह की श्रृंखला में जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बासागुड़ा के पोटाकेबिन, रेसिडेंशियल स्कूल एवं 100 सीटर हाईस्कूल छात्रावास में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी कुप्रवृत्तियों से दूर रहते हुए शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।

# संतोषपुर की सड़क सुधारने जिला पंचायत सदस्य नीना की कलेक्टर से गुहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**





जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत संतोषपुर के मुख्य सड़क की बदहाली को सुधारने जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने कलेक्टर बीजापुर एवं क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने ज्ञापन सौंपा। जिला पंचायत सदस्य नीना ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ़ सरकार सड़को का निर्माण कर विकास के झूठे दावे कर रही है वंही मुख्यालय से महज़ 08 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम संतोषपुर के ग्रामीणों को बीजापुर आने में होने वाली दिक्कत की अनदेखी कर रही है। बारिश के समय गांव तक एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होती हैं। ऐसे में मरीजों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ता है। साथ ही ग्रामीण अपने दैनिक वस्तुएं लेने दुपहिये वाहन से ज़िला मुख्यालय आना जाना करते हैं। महज 8 किलोमीटर के इस सड़क में तक़रीबन 12 छोटे-छोटे पुल-पुलियो की आवश्यकता है, जिसका निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस सड़क के बनने से संतोषपुर ही नहीं बल्कि संतोषपुर कोरसापारा से कोयाईटपाल, तुमनार, पेदाकोडेपाल होते हुए नैमेड पंचायत के लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच मनीष लेकाम, पूर्व जनपद सदस्य दिलीप कोरसा, कमलू लेकाम, मुन्ना कलमू, कुमारू कोरसा, बर्मानन्द कुड़मूल, मनोज समतुल, रमेश कुड़मूल, मनीष अवलम, अनिल कोरसा, सुशील यादव, विनेश कुड़ियम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा, खरीदी क्षमता बढ़ेगी: केदार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**




छत्तीसगढ़ सरकार के वन, सहकारिता एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने भाजपा जिला कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, रेट कम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

■ **देश विकसित होने की दिशा में बढ़ेगा : कश्यप**

कश्यप ने कहा कि ये बदलाव आम जनता के जीवन को खुशहाल बनाने और व्यापार, उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे लोगों की बचत बढ़ेगी और व्यापारियों को जीएसटी कानून के सरलीकरण से काम करने में आसानी होगी। नवरात्र के पावन पर्व से लागू होने वाले ये नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाएंगे।

कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा की एक राष्ट्र एक टैक्स की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए 1 जुलाई 2017 को 101वें संविधान संशोधन के जरिए जीएसटी लागू किया गया। उससे पहले 17 तरह के टैक्स और 13 तरह के सेस अलग–अलग रूप में लागू थे। अब चार स्लैब घटाकर दो स्लैब कर दिए गए हैं।

कई जरूरी वस्तुओं पर कर शून्य और अनेक उत्पादों पर 10 प्रतिशत तक कर घटाया गया है। यह कदम जनता के लिए रामराज्य जैसा आर्थिक सुधार साबित होगा।

कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी में अगले चरण के सुधार का वादा किया था और 20 दिनों के भीतर ही जीएसटी काउंसिल ने इसे मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री ने जीएसटी में सुधार से रोजमर्रा की जरूरी सामग्रियों पर घटे दामों के बारे में बताते हुए कहा कि एमएसएमई और रोजमर्रा की वस्तुएं छोटे, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ। तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन, शैक्षणिक वस्तुएं, स्वास्थ्य व जीवन बीमा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल उत्पाद सस्ते होंगे। करदाता संख्या और राजस्व 2017 में 66.5 लाख जीएसटी करदाता थे, 2025 में यह बढ़कर 1.51 करोड़ हो गए। 2024-25 में जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो चार साल में दोगुना है।

शैटर, हार्वेस्टर, रोटावेटर जैसे उपकरणों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया। जैव–कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी दर घटाई गई। इससे किसानों की लागत कम होगी। स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा उत्पादों पर कर कम किया गया।

यह सामाजिक सुरक्षा और सस्ते इलाज की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। ताड़ी उत्पादों पर कर 18 प्रतिशत रखा गया जिससे जनजातीय क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ को प्रोत्साहन मद में 6200 करोड़ रुपये मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों का हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया, कोविड के बाद यह 41 प्रतिशत है। विपक्षी दल जीएसटी सुधारों पर बैठक में विरोध करते हैं लेकिन बाहर आकर सरकार पर टैक्स लगाने का आरोप लगाते हैं। जीएसटी सुधार का किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी टैरिफ से कोई संबंध नहीं है।

कांग्रेस कभी इसका श्रेय लेना चाहती है और कभी मजाक उड़ाती है, जबकि जीएसटी अब गुड एंड सिंपल टैक्स बन चुका है। सभी निर्णय तीन-चौथाई बहुमत से लिए जाते हैं, अधिकतर सर्वसम्मति से। इसमें दो-तिहाई वोट राज्यों के होते हैं। यह लोकतांत्रिक संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, अभिमन्यु सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष कोंडागांव दीपेश अरोरा, जिला महामंत्री मुन्ना मरकाम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# बाजे गाजे के साथ बप्पा की विदाई







**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़**

जिला बीजापुर के भोपालपट्नम ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मद्देड़ में सीताराम शिवालय समिति व ग्रामीण व्यापारियों द्वारा राम मंदिर प्रागण में जय गणेश उत्सव लगभग पिछले 85 वर्षो से अखण्ड रामायण महापाठ आयोजन होता आ रहा है।

इस वर्ष भी सीताराम शिवालय समिति द्वारा जय गणेश उत्सव पर महा रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार गणेश की अन्य पंडाल थापापारा, मेन रोड नयापारा मद्देड़ के अन्य ग्रामों में गणेश उत्सव की पूजा पाठ भक्ति साथ किया जा रहा है। रामयण महा पाठ शाम के समापन के बाद महाआरती हवन पूजा व भंडारा का आयोजन व्यापारी ग्रामीण भक्तगण के द्वारा किया गया।

जिसमें क्षेत्र के भक्त के भारी संख्या में शामिल हुए। राम मंदिर परिसर में धार्मिकमय माहौल बना रहा। हवन पूजन के पश्चात भगवान गणेश का विर्सजन किया गया। हर पंडाल में गणेश विसर्जन के समय बाजे गाजे व डीजे के साथ भगवान गणेश की विदाई से लोगों में काफी उत्साह का माहौल है।

# मंत्री की सक्रियता से बौखलाए बैज : भदौरिया

**हरिभूमि न्यूज : कोंटा**

जगदलपुर सर्किट हाउस में कथित मारपीट की घटना को लेकर विधवा विलाप कर रही कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है। कश्यप परिवार को बदनाम करने की दीपक बैज की साजिश कभी सफल नहीं होगी। बस्तर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में भाजपा के विकास कार्यो को कांग्रेसी पचा नहीं पा रहे है।



■ **मुद्दाविहिन कांग्रेस अब चरित्र पर कर रही है हमला**

उक्त बातें भाजपा नेता व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण सिंह भदौरिया ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। प्रदेश भाजपा विशेष आमंत्रित सदस्य व सांसद प्रतिनिधि अरूण सिंह भदौरिया ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मंत्री केदार कश्यप पर सर्किट हाउस में एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के साथ मारपीट के आरोपों का खंडन करते हुए उसे निराधार बताया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता एक बार फिर बेनकाब हो गई है। वन मंत्री पर सर्किट हाउस के एक कर्मचारी से मारपीट का जो आरोप लगाया गया है, वह न केवल बेबुनियाद है बल्कि कांग्रेस के नेताओं का हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण भी है। भदौरिया ने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आपत्तिजनक कार्टून बनाया, फिर उनके चेहरे पर कवर्धा में गोबर फेंकवाया और अब एक और आदिवासी नेता को निशाना बना रही है। पूर्व सांसद दीपक बैज व उनके कांग्रेस का यह सिलसिला बताता है कि कांग्रेस को आदिवासी नेतृत्व से चिढ़ है और वह हर बार उन्हें अपमानित करने का षड्यंत्र रचती है। भदौरिया ने कहा कि वन मंत्री केदार कश्यप के चरित्र और सेवाभाव से बस्तर ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़ वाकिफ है। मंत्री व उनका संपूर्ण परिवार का दशकों का सार्वजनिक जीवन, उनकी विनम्रता और सज्जनता की गवाही देता है। वे एक बड़े राजनीतिक परिवार से हैं, कई बार मंत्री रह चुके हैं, लेकिन कभी भी उन्होंने अपने व्यवहार में अहंकार नहीं आने दिया।

### निकाली गई साक्षरता रैली



**गीदम।** गीदम विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में उल्लास साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के तहत साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा पालकगण सम्मिलित हुए। रैली के दौरान शिक्षा के महत्व पर नारे लगाकर जागरूकता फैलायी गई तथा सभी को संदेश दिया गया कि साक्षरता ही प्रगति का आधार है। विद्यार्थियों ने बैनर, तख्तियों एवं नारों के माध्यम से समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, निरक्षरता को दूर करना और हर घर तक साक्षरता का संदेश पहुंचाना रहा।

# कृषि स्नातक अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**




कृषि स्नातक अधिकारी संघ ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सवरागिरी ने बताया संघ के प्रांतीय बैठक में सभी जिला व प्रांतीय पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से 9 सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। इसके तहत 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। इसके बाद 15 सितंबर को दंतेवाड़ा जिला में समस्त विकासखंड व जिला स्तर पर तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम से आवेदन सौंपा जाएगा।

■ **काली पट्टी लगाकर कर रहे काम**

उक्त तिथि में बिना संसाधन भत्ता के उक्त तिथि से ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा। इसके बाद 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे व रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को आवेदन सौंपा जाएगा। संघ की मांगों में वेतनमान संशोधन 4300 ग्रेड पे करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुन निर्धारण करने, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर रुपए पच्चीस सौ करने, विभागीय कार्य संपादन के लिए मोबाईल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी आदि के लिए संसाधन भत्ता दिए जाने, अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता दिए जाने व अन्य मांगे शामिल है।

# सीसी रोड का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली**



बड़े बचेली नगर पालिका से अलग हुए आश्रित ग्राम तामोपारा, कोयापारा, चालकी पारा, पटेल पारा, मांझी पारा, काया पारा, पाण्डु पारा, पूजारी पारा, स्कूल पारा में 4 वार्ड के 11 मोहल्ले के लोगों ने आज से 5 वर्ष पूर्व ढ़ोल बाजे के साथ रैली निकालकरनगर पालिका बचेली मे प्रदर्शन किया था।

उनका कहना था आदिवासी परंपरा नगर पालिका बचेली क्षेत्र में रहते हुए समाप्त हो रही है, इसलिए ग्रामीण ग्राम पंचायत में शामिल होना चाहते हैं,उन्हें ग्राम पंचायत में शामिल किया जाये, इसलिए उन्होंने राज्यपाल को तत्कालीन एसडीएम के हवाले से ज्ञापन सौंपा जो कि मान लिया गया। आज वे नगरपालिका बड़े बचेली से लगभग 1 वर्ष से अलग होकर ग्राम पंचायत में है। ग्रामीणों का कहना है कि आज से 25 साल पहले जो सड़क बना था। वह किसी भी सरकार के सत्ता में आने से ना कभी रिपेयरिंग हुआ न नया बना।

जबकि ग्राम पंचायत में आने के बाद गांव में सड़क कार्य चालू हो चुका है। सीसी रोड का निर्माण हो रहा है और भी सड़कों के लिए प्रतिवेदन अधिकारियों तक तथा संबंधित अधिकारियों तक भेजा जा चुका है। ग्रामीणों में हर्ष की लहर है। नगर पालिका से जुड़े रहने से सड़क निर्माण तथा बुनियादी सुविधाओं के लिए उन्हें तरसना पड़ता था।

# रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मेगा स्वास्थ्य शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**



कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन के तहत रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आज पोन्दुम ग्राम में भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य रोग,मेडिसिन अस्थि रोग, चर्म रोग, नेत्र महिला एवं बाल स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, दंत रोग, रक्तचाप, मधुमेह, मलेरिया, टीबी, कुपोषण सहित विभिन्न बीमारियों की जांच एवं परामर्श दिया गया। साथ ही गंभीर रोगों के संदर्भ में निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने कहा कि शासन के मंशा अनुरूप ग्रामीण जनों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, इस तरह शिविर के आयोजन से दूर दराज के ग्रामीण लाभान्वित होंगे क्योंकि ग्राम के समीप ही ग्राम स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच एवं उपचार किया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 12 सितंबर को विकासखंड कटेकल्याण तथा 19 सितम्बर को विकासखंड गीदम अन्तर्गत बारसूर में शिविर का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में जनमानस से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ एवं चिकित्सकीय परामर्श लेवें। इस दौरान गांव के सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण अंचल के लोगों को बड़ा लाभ मिलता है और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गांव का विकास आप स्वयं तय करेंगे: कश्यप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**



बहुंचरचित आदि कर्मयोगी अभियान का प्रथम दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का चिंगपाल क्लस्टर में आने वाले 5 ग्राम पंचायतों चिंगपाल, केशापुर, कोयनार, ककनार, छिंदबहार के आदि कर्मयोगियों के उपस्थिति में शुरू हुआ। जहां लगभग 100 से अधिक महिला पुरुष सम्मिलित हुए।

इस क्लस्टर का प्रशिक्षण कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहेगा। इस क्लस्टर में तीजेश देवांगन, दीप्ती कश्यप मास्टर ट्रेनर के रूप मे उपस्थित थे। जबकि समन्धित पंचायत सचिव और सरपंचों ने अपने-अपने पंचायत के लोगों को प्रशिक्षण में उपस्थित करवाया था एवं स्वयं भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण का पहला दिन ग्रामवासियों के लिए काफी रुचिकर रहा। लोगों ने ग्राम विकास के प्रति अपनी भावनाओं को अवगत कराते हुए कार्य योजना के प्रति सहभागिता में रूचि दिखाई। ट्रेनर्स ने प्रत्यक्ष गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया। जिससे प्रतिभागी काफी उत्साहित दिखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन में आप सब की भागीदारी से आदि कर्मयोगी अभियान की सफलता सुनिश्चित होंगी। आपके गांव का विकास का कार्य योजना आप स्वयं तय करेंगे। जिससे विजन 2030 की सफलता सुनिश्चित होंगी और हम सब समृद्धि की ओर कदम बढ़ाएंगे। आदि कर्मयोगी कार्यक्रम में सरपंच छिंदबहार सोनधर नाग, उप सरपंच नरहरी नाग, वीरसिंह, रामधर कश्यप, मूलचंद सेठिया, रमेश मंडावी, मीनाक्षी पिलाई, कमलेश बारोई मौजूद रहें।

# डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर हुई कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**



एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दंतेवाड़ा जिला के यातायात प्रभारी प्रहलाद साहू, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी एवं सहायक उप निरीक्षक एवं साइबर सेल प्रभारी आशा सिंह प्रवक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए यातायात प्रभारी प्रहलाद साहू द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। इसके पश्चात जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा यातायात नियमों एवं उनके पालन से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई। साथ ही उन्होंने राहगीर योजना के संबंध में जानकारी साझा की जिसमें यह बताया गया कि यदि सड़क पर कोई दुर्घटना हो जाती है तो उनकी सहायता की जानी चाहिए। इसके पश्चात आशा सिंह द्वारा साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन होने वाले धोखाधड़ी एवं नुकसान के विषयों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को इस संबंध में जागरूक कराया।

# शिष्यों ने किया गुरुओं का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर**



बस्तर के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पखनाकोंगेरा में पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी कबीर पंथ अनुयायियों की संत सत्संग चबूतरा शेड में सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली अभियान के संत प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कबीर पंथ अनुयायियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन एवं सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास साहब के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर दोनों विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल सेवा निवृत्त शिक्षक राजकमल ठाकुर, शंभूनाथ ध्रुव, पूरनसिंह कश्यप एवं तुलसीराम बघेल सहित संकुल केन्द्र पखनाकोंगेरा व संकुल केन्द्र सालेमेटा के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों से पहुंचे शिक्षक, शिक्षिकाओं के मस्तक पर चंदन तिलक लगाया और फूलमाला पहनाकर चरण स्पर्श करके अभिनंदन किया। कार्यक्रम में शामिल शिक्षक पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त पूर्व विधायक चंदन कश्यप, समाजसेवी अचल बाजपेई, कबीर पंथ क्षेत्रीय महंत बुदरुदास, महंत लक्ष्मीकांत, महंत गिरधरदास, महंत विद्याधर दास तथा केडीव्ही मिशन छत्तीसगढ़ राज्य के सह युवा प्रतिनिधि अर्जुन प्रधान का आयोजकों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया। शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन करने के दौरान सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली अभियान जिला बस्तर के जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान कबीर पंथी ने उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं संतजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदि काल से ही शिष्यों द्वारा अपने गुरुजनों का सम्मानित करने की परंपरा रही है।

## खबर संक्षेप

### आप ने किया केदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वन मंत्री केदार कश्यप का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने इस्तीफे की मांग की है। वरिष्ठ नेता बालू राम भवानी ने तथा प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने घटना की निंदा की है। इस दौरान अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आरोप लगाने से पहले कांग्रेस अपने गिरेबान में झांके

**जगदलपुर।** भाजपा पूर्वी नगर मंडल के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी



ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस नेताओं का मंत्री केदार कश्यप पर मारपीट का आरोप लगाना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने से पहले कांग्रेसी अपने गिरेबान पर झांके जहां उन्होंने आज भी प्रदर्शन के दौरान एक पुलिस महिला कर्मचारी को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि बस्तर से कांग्रेस का जनाधार पूरी तरह से खत्म हो गया है जिसकी वजह से बौखलाए कांग्रेसी बेवजह का विवाद खड़ा कर रहे हैं।

### कांग्रेस कर रही सस्ती लोकप्रियता पाने की कोशिश

**जगदलपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल ने प्रदेश



कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का यह रवैया पूरी तरह राजनीतिक अवसरवाद और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश है। मंत्री केदार कश्यप पर लगाए गए आरोप निराधार,एकतरफा और तथ्यों से परे हैं। बिना किसी जांच और प्रमाण के इस्तीफ़े की माँग करना कांग्रेस की राजनीति की अपरिपक्वता और बौखलाहट को ही दर्शाता है।

### स्थानीय कारीगरों के लिए उद्यमिता कार्यशाला

**जगदलपुर।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत बस्तर शिल्प हैंडिक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने हेतु छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिल्पकार, कारीगर और युवा उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कला और शिल्प को आधुनिक उद्यमिता से जोड़ते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय प्रबंधन, विपणन तकनीक, आधुनिक डिजाइन, वित्तीय साक्षरता, निर्यात विकास और शासकीय योजनाओं के बारे में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी जा रही है। इन सत्रों का उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर एवं सफल उद्यमी बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

# राज्य सरकारों का सहयोग दर्शाता है, हम एकजुट होकर हर संकट का सामना कर सकते हैं: देव

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बस्तर संभाग में आई भीषण बाढ़ की प्राकृतिक आपदा के इस कठिन समय में मध्यप्रदेश, ओडिशा और गोवा की राज्य सरकारों द्वारा सहयोग का हाथ बढ़ाने पर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की है। उन्होंने कहा कि बस्तर में बाढ़ की विभीषिका से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं,खेत-खलिहान जलमग्न हो गए और पशु-धन का भी भारी नुकसान हुआ है। अतिवृष्टि से जन-धन की बड़ी क्षति के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा राहत और पुनर्वास कार्य किए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा की है कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ को पांच करोड़ की आर्थिक सहायता और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराएंगे। इसी तरह ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने भी सहायता राशि और राहत सामग्री भेजने का ऐलान किया है। इन राज्य सरकारों का यह सहयोग यह दर्शाता है कि हमारा देश एकजुट होकर हर संकट का सामना कर सकता है।

### बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा में बारिश से हुई तबाही

देव ने कहा कि बीते महीने बस्तर संभाग में हुई बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बारिश से संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिला प्रभावित हुए हैं। बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा भी प्रदान किया गया है। मकान क्षति, पशुधन हानि और फसल क्षति का सर्वेक्षण कर आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत मुआवजा राशि प्रभावितों को प्रदान की जा रही है।



बाढ़ पीड़ित परिवारों की मदद के लिए शासन-प्रशासन लगातार खड़ा है। अब तक इन सभी जिलों में मकान क्षति के 1694 प्रकरणों में प्रभावितों को 8.81 करोड़ से अधिक मुआवजा राशि प्रदान की गई है, वहीं पशुधन क्षति और फसल नुकसान का आंकलन कर अब तक स्वीकृत 48 प्रकरणों में 4.80 लाख मुआवजा राशि वितरित की गई है।

## ग्रहण के चलते मंदिर के बंद होने का आरोपियों ने उठाया फायदा

# गिरोला मंदिर से लाखों के जेवरात पार

### माता के सोने की नथ, चांदी का करधन व मुकुट की चोरी

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

बकावण्ड थाना क्षेत्र के गिरोला पंचायत स्थित माता हिंगलाजिन मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों रूपए कीमत के माता की सोने का दो हार, सोने का नथ, सोने का बाली के अलावा चांदी का करधन व मुकुट पार कर दिया। चोरी को अंजाम देने वाले आरोपी सीसीटीवी फूटेज में दिखाई पड़ रहे है लेकिन अब तक सुराग नहीं लग सका है। चोरों ने इससे पूर्व भी मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके है। चोरी की सूचना मिलते ही बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल व बकावण्ड थाना की टीम मौके पर पहुंच घटना की जानकारी लेते दिखे।

मंदिर में लगे सीसीटीवी फूटेज में तीन चोर नजर आ रहे है जिन्होंने घटना को अंजाम दिया। ग्रहण के दौरान मंदिरों के पट बंद रहते है इसे देखते हुए चोरों ने चन्द्रग्रहण के समय ही रात लगभग 11 बजे के बाद घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना के दौरान इतफाक से पूरे इलाके की बिजली भी गुल थी। जानकारी के मुताबिक गिरोला स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ हिंगलाजिन माता मंदिर में रात 11:30 बजे से 12:30 बजे के बीच चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने मंदिर में घुसने के लिए पहले स्टील की ग्रिल तोड़ी फिर मुख्य गेट के ताले को तोड़कर मंदिर के भीतर प्रवेश किया। अंदर पहुंचकर चोरों ने हिंगलाजिन माता के दो सोने का हार समेत अन्य जेवरात पार कर दिया। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों में आंकी जा रही है। मंदिर के पुजारी ने घटना की जानकारी बकावण्ड पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वहीं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल भी चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचकर लोगों से चर्चा की और वारदात के तरीके की जानकारी ली।



**चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद**

चोरी की पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। थाना प्रभारी डोमेन्द्र सिन्हा ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा। मंदिर के पुजारी लोकनाथ बघेल ने बताया कि रात लगभग 11:30 बजे से 12:30 बजे के बीच यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि रात में ही पुलिस को सूचना दे दी गई थी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्काल विवेचना शुरू कर दी थी। सीसीटीवी में तीन चोर नजर आ रहे है जिनकी पतासाजी की जा रही है। घटना के दौरान पूरे इलाके की बिजली गुल थी जो सुबह नौ बजे तक बंद रही। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि अक्सर इस पूरे इलाके में बिजली बंद रहती है।

**चार वर्ष पूर्व भी हुई थी मंदिर में चोरी**

जानकारी के मुताबिक इससे पूर्व 21-22 दिसंबर 2021 की रात भी गिरोला स्थित माँ हिंगलाजिन मंदिर में चोरी हुई थी। उस समय माता के श्रृंगार में चढ़ाए गए सोने के हार, झुमका, बिंदिया सहित दान पेटी को तोड़कर दान राशि भी चोरों ने पार कर दिया था। हालांकि तब चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के सामान व नगद की बरामदगी कर ली गई थी। उस दौरान चोरी का पता लगाने पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंदिर परिसर में सम्मानित किया था। उन्होंने इस बार भी पुलिस पर पूर्ण विश्वास जताया है कि चोर जल्द ही गिरफ्तार होंगे।

## कांग्रेस का भ्रामक प्रचार, जनता को गुमराह करने का प्रयास : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

बस्तर के सर्वमान्य आदिवासी नेता एवं मंत्री केदार कश्यप पर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे निराधार एवं भ्रामक आरोपों को लेकर महापौर संजय पाण्डे ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए षड़यंत्र और झूठे प्रचार का सहारा लिया है।



■ महापौर ने भानुपरी में तोड़फोड़ की निंदा की

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भली-भांति जानती है कि बस्तर में उसकी राजनीतिक जमीन खो चुकी है और यहां यदि किसी का सशक्त जनाधार है तो वह भाजपा नेता केदार कश्यप का है। कांग्रेस का यह दुर्भावनापूर्ण कृत्य एक सौम्य, सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी आदिवासी नेता को बदनाम करने का प्रयास है। केदार कश्यप का व्यवहार हमेशा विनम्र और सरल रहा है, वे जनसामान्य से सहजता से मिलते हैं और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। यही कारण है कि बस्तर की जनता उन्हें अपना सच्चा नेता मानती है।

महापौर ने भानपुरी की घटना पर भी कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कांग्रेस ने जिस तरह से भानपुरी स्थित मंत्री निवास कार्यालय का घेराव में तोड़फोड़ की, पत्थरबाजी की और ड्यूटी में तैनात महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की, वहां कांग्रेस की गुंडागर्दी और अराजक मानसिकता का प्रमाण है। सत्ता से बाहर होने की बौखलाहट में कांग्रेस अब हिंसक और असंवैधानिक रास्ता अख्तियार कर चुकी है। जनता इस कृत्य को माफ नहीं करेगी और कांग्रेस की असली तस्वीर अब सामने आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि झूठे आरोप लगाना मनगढ़ंत कहानियां बनाकर सोशल मीडिया में फैलाना कांग्रेस की पुरानी फितरत है, लेकिन केवल आरोप लगाने से आरोप साबित नहीं होते। कांग्रेस का यह आचरण लोकतंत्र और जनभावनाओं के साथ छल करने जैसा है। महापौर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ सहित बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़संकल्पित है। मंत्री केदार कश्यप निरंतर आदिवासी समाज के उत्थान और बस्तर के विकास के लिए कार्यरत हैं।

## शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

श्री गणेश विनायक फाउंडेशन, रायपुर के द्वारा संभाग के 3 शिक्षकों को उनके अध्यापन कार्य के अलावा समाज में दिए गए योगदान व अन्य चिन्हाकित क्रियाकलापों के लिए इस वर्ष का लाइफ वर्सिटी ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बस्तर जिले से दो शिक्षक अफ़ज़ल अली व अकबर खान जबकि जिला कांकेर से यह सम्मान मीरा आर्ची को प्रदान किया गया। गणेश विनायक नेत्र चिकित्सालय रायपुर के खचाखच भरे सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के हाथों यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर बस्तर प्रतिनिधि के रुप में कांकेर जनपद सदस्य शिल्पा साहू भी मौजूद थीं। फाउंडेशन के डॉ अनिल के गुप्ता, डॉ नरेंद्र पांडे व उदय भान सिंह चौहान ने बताया कि संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में विगत कई वर्षो से सक्रिय है हमारा लक्ष्य मोतियाबिंद मुक्त भारत हो जिसके लिए फाउंडेशन निरंतर कार्य कर रही है हम आंख के मरीजों को न केवल निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराते हैं बल्कि उन तक स्वयं पहुंचते भी है। इसी कड़ी में समाज के मुख्य दिशा निर्देशक हमारे गुरुजनो का सम्मान उसी दिशा का एक और निर्णायक कदम है।

■ अफजल अली, अकबर खान और मीरा आर्ची को ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मान किया गया

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूरे राज्य से हमने उत्कृष्ट शिक्षको की पहचान कर उन्हें लाइफ वर्सीटी ज्ञानदीप सम्मान प्रदान किया गया। संचालक डॉ पांडे ने बताया कि जगदलपुर के अफ़ज़ल अली व्यायाम अनुदेशक हैं उन्होंने ने अपने मूल कार्यों के अलावा अपने अभिनय, गायन व विभिन्न मंच संचालननो से समाज को नई दिशा दी, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर चार बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, गायन में बीते 3 दशकों से सक्रिय हैं और बस्तर समेत भारत के अन्य स्थानों पर महत्वपूर्ण अवसरों पर मंच संचालन किया।

## नाबालिग का अपहरण, परिजन ने की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ›› कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नाबालिक लड़की 5 सितंबर को अचानक घर से गायब हो गई। परिजन ने नाबालिक का रिश्तेदारों के यहां पता किया, लेकिन कोई जानकारी नही मिली। परिजन ने अज्ञात के खिलाफ नाबालिक को बहला फुसलाकर अपहरण करने का शिकायत कराया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच में जुट गई है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी और मजदूरी का काम करता हूँ। मेरा लड़का अपने परिवार के साथ रायपुर में रहता है और राज मिस्त्री का काम करता है। उनकी इनकी बड़ी बेटी कक्षा 8 वी की पढ़ाई करके छोड़ चुकी है। माह जुलाई 2025 को रायपुर से आकर हमारे साथ भानुप्रतापपुर थानाक्षेत्र में मेरे साथ गांव में रह रही थी। मेरी पोती 5 सितंबर को सुबह करीबन 7 बजे घर में किसी को जानकारी दिए बिना कहीं चली गई है, जो तीन दो दिन गुजर जाने के बाद भी घर वापिस नही आई। आसपड़ोस व रिश्तेदारों में पता तलाश किए, लेकिन कहीं पता नही चल पाया।

## लोक कवि रघुनाथ महापात्र के नाम पर बादल का नामकरण किया जाए

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

हल्बी और भतरी के लोक कवि रहे साहित्यकार रघुनाथ महापात्र के नाम पर बादल संस्था का नामकरण करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की गई है। 1932 से 1982 तक लगभग 50 साल में बस्तर वनांचल के हल्बी, भतरी के लोक कवि की रचना यात्रा भेजी गई है।

■ मुख्यमंत्री को लोककवि की रचना यात्रा भेजकर की गई मांग

उनके पुत्र लोक कवि जोगेंद्र महापात्र जोगी ने पत्र में उल्लेख किया है कि क्रांतिकारी लेखनी से



रघुनाथ महापात्र को जेल जाना पड़ा था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी रघुनाथ महापात्र ने कनकी रसों लघुखण्ड काव्य हल्बी, चईत परब भतरी, झालियाना हल्बी,भतरी, ठषा हल्बी भतरी और लेजा की रचना की थी । जिसे वे सस्वर संगीत के साथ गाते भी थे। उनकी गायन शैली आदिवासियों को उनकी ही बोली में झुमते हुए गाते समय प्रभावित करती थी। रघुनाथ महापात्र कुशल रंगकर्मी भी थे। ओड़िया नाटक, एटम बम तथा हल्बी में धनकुल का मंच पर उन्होंने प्रस्तुति दी थी। वे लोक अभिनेता, रंगकर्मी , लोकगायक, वादक , नर्तक और कुश्ती समेत कबड्डी तथा फुटबाल के खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने बादल का नामकरण लोक कवि रघुनाथ महापात्र के नाम पर करने की मुख्यमंत्री से मांग की है।

## दूध, दही, शहद, गंगाजल पंचामृत से माता का अभिषेक कर किया शुद्धि

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

चन्द्रग्रहण के चलते बस्तर अंचल की आराध्य माता दंतेश्वरी मंदिर में दूसरे दिन 19 घण्टे बाद सोमवार सुबह 7 बजे सुतक समाप्त होने पर दूध, दही, शक्कर, शहद, गंगाजल पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्नान अभिषेक किया गया। मंदिर के सभी देवी देवताओं को पंचामृत से अभिषेक कर शुद्धि किया गया। चन्द्रग्रहण के चलते रविवार को दोपहर साढ़े 12 बजे दंतेश्वरी मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिया गया



था। सोमवार को कपाट खोलते ही सबसे पहले पूरे मंदिर परिसर को गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया। दंतेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी कृष्णचन्द्र पाढ़ी ने बताया चन्द्रग्रहण और सूर्यग्रहण के दौरान सुतक काल मे मंदिर के कपाट बंद किया जाता है। सम्पूर्ण ग्रहणकाल समाप्ति के बाद मंदिर परिसर एवं माता की प्रतिमा का पंचामृत से स्नान और अभिषेक किया जाता है। पुजारी पाढ़ी ने बताया ग्रहण काल मे पूजा विधान निषेध रहता है। इसलिए ग्रहण काल मे मंदिर के कपाट बंद किया जाता है।

## शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक



**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को जनभागीदारी समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुयें। जनभागीदारी समिति की बैठक में अध्यक्ष दिनेश कश्यप,जनभागीदारी समिति के सदस्य आंनद मोहन मिश्रा,मनोज पटेल,मनोहर तिवारी,आरेंद्र आर्य, शशि रथ,प्रदीप देवांगन, यशवर्धन राव,फूलेश्वरी करई,बंसती समरथ,किरण सेन,रघुराम सेठिया, ललिता बधेल,महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव व महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे। आज के जनभागीदारी समिति के महत्वपूर्ण बैठक में महाविद्यालय के कई विषयों पर विस्तार से चर्चा करने के पश्चात सभी विषयों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। जनभागीदारी समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा महाविद्यालय के विकास के लिए हम सभी मिलकर कार्य करते हुए महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। हमारे बस्तर के युवाओं में बहुत प्रतिभा है।महाविद्यालय के विकास के लिए प्रस्ताव दे उस पर हम हमारे सरकार से चर्चा कर उसे पूरा करने का कार्य करेंगे।

## बस्तर की पंक्ति बेदरकर बनी छत्तीसगढ़ की ग्लैम क्वीन

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

शहर की 13 वर्षीय पंक्ति बेदरकर ने मिस टीन इंडिया छत्तीसगढ़ 2025 का ताज अपने नाम किया है। दिल्ली में होने वाले ग्रैंड फिनाले में 17 से 20 सितम्बर तक देशभर की टैलेंटेड प्रतिभाओं से मुकाबला करेंगी।

■ दिल्ली फिनाले में मचाएंगी धूम

पहले किड्स सेंट्रल इंडिया 2025 का खिताब और अब मिस टीन इंडिया छत्तीसगढ़ 2025 उसने अपने नाम किया है।

पंक्ति का कहना है कि मां तरूणा साबे के प्रोत्साहन से इस मुकाम तक पहुंच पाई हूं। उसने यह ऐलान किया है कि अगर नेशनल टाइटल जीतती हैं तो इनाम की राशि छत्तीसगढ़ के बाढ़ पीड़ितों को दान करेंगी ।




## खेलकूद में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ›› जगदलपुर

कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 36वां तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता जो 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर के बीच आयोजन किया गया जिसमें जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, हीरानार, भैरमगढ़, तोंगपाल एवं गीदम के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए थी। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना का ध्यान रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग समन्वयक संगम लाल पांडे एवं विशिष्ट अथिति के रूप में पार्षद एवं सभापति राजस्व संग्राम सिंह राणा सम्मिलित हुए। उन्होंने विभाग का ध्वजारोहण कर एवं गोला फेंक कर खेलकूद महोत्सव की शुरुआत की। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन विशेष अतिथि के रूप में पार्षद एवं सभापति राजस्व संग्राम सिंह राणा एवं समस्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा ने की। मौजूद अतिथियों ने समस्त विजयी खिलाड़ियों को मेडल, शिल्ड एवं प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। साथ ही अलग अलग खेल के निर्णायकों का भी उचित सम्मान किया। इस खेल प्रतियोगिता आल ओवर चैंपियन विद्यालय कंगोली जगदलपुर रहा, इसके अलावा बाल वर्ग खो- खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहा गीदम विद्यालय,बहनों में कंगोली जगदलपुर विद्यालय की टीम विजई रही। कबड्डी की बाल वर्ग प्रतियोगिता में कंगोली की भैया और बहनों की टीम प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार किशोर वर्ग की कबड्डी में तोंगपाल विद्यालय प्रथम रहा एवं बहनों में कंगोली जगदलपुर की टीम प्रथम रही। तरुण वर्ग की कबड्डी में कंगोली जगदलपुर की भैयाओ की टीम ने शिल्ड अपने नाम किया। इसके अलावा कुछ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया जिसमें लक्ष्य कुंजाम, निहारिका नेताम, जानवी ठाकुर, कमलेश नाग एवं रूपेश ताराम पूरी प्रतियोगिता में बेस्ट खिलाड़ी रहे। मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन ने कहा शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन में बहुत आवश्यक है। क्योंकि खेल से ही छात्रों का चरित्र निर्माण होता है और चरित्र निर्माण से ही आदर्श नागरिकों का निर्माण होता है।

■ सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली में खेलकूद का आयोजन



